सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 21 दिसम्बर, 2024

शनिवार को ओल्ड मसूरी रोड़, देहरादून में कस्तूरी संगठन द्वारा आयोजित ''कस्तूरी विंटर कौथिग 2024'' का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने प्रतिभाग कर महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने महोत्सव में लगे विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया और स्थानीय महिला समूहों, हस्तशिल्पकारों तथा महिला उद्यमियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की।

कार्यक्रम में कस्तूरी संगठन के माध्यम से वन पंचायत और आरक्षित वन क्षेत्रों में गठित उत्पादक समूहों द्वारा निर्मित उत्तराखण्ड के पारंपरिक कृषि, काष्ट और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस मंच का उद्देश्य इन उत्पादों को शहरी उपभोक्ताओं तक सुलभ बनाना है। मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों में इन उत्पादक समूहों द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जो उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक और हस्तशिल्प धरोहर को दर्शाते हैं।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि यह महोत्सव उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति, महिला सशक्तीकरण, और स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करते हैं बल्कि स्थानीय लोगों को आर्थिक सशक्तीकरण का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने उत्तराखण्ड की महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे यहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। कार्यक्रम में श्रीमती अंजलि नीना ग्रेवाल, शिवानी पटनायक, नीलिमा शाह, सहित अनेक महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

............0............